# सराहनीय कार्य
# प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 25.11.2023

## नाबालिग लड़की से छेडछाड करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराधों में अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 मनकापुर पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की से छेडछाड करने के वांछित अभियुक्त शत्रुधन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने दिनांक 23.11.2023 को थाना मनकापुर क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ शौच के दौरान छेड़छाड़ की थी। जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की माता द्वारा थाना मनकापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

01. शत्रुधन यादव पुत्र धनयी यादव नि0 बक्सरा आज्ञाराम थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**

01. मु0अ0सं0–631/23, धारा 354 भादवि 9एम/10 पॉक्सो ऐक्ट थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा।
02. मु0अ0सं0–633/23, धारा 504,506 भादवि थाना को0 मनकापुर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**

व0उ0नि0 प्रबोध कुमार मय टीम।

**सराहनीय कार्य**
**प्रेस नोट**
**मीडिया सेल, जनपद गोण्डा**
**दिनांक 25.11.2023**

## जालसाजी करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 25.11.2023 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जालसाजी करने के वांछित अभियुक्त शिव प्रसाद दूबे उर्फ बब्लू दूबे को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादिनी को दिनांक 10.03.2023 गाटा सं0–14 का सम्पूर्ण रकबा बैनामा किया था तथा पुनः कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दिनांक 01.06.2023 को गाटा सं0–14 का बैनामा दूसरे व्यक्ति को कर दिया था। जिसके सम्बन्ध में वादिनी द्वारा थाना को0 नगर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**
01. शिव प्रसाद पुत्र रामउजागर नि0 हर्रैया झूमन थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**
01. मु0अ0सं0–908/23, धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**
उ0नि0 राजेन्द्र कन्नौजिया मय टीम।